# University in News on 28 December 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### परास्नातक के 15 विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

संवाद न्यूज एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के क्रम में शुक्रवार को परास्नातक के 15 विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया। इनकी शुरुआत 13 जनवरी से होगी।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि जिन विषयों के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है, उनमें एमएससी बॉटनी, एमपीएड, एमएससी न्यूट्रिशियन, एमएससी एप्लायड जियोलॉजी, एमएससी माइक्रोबॉयोलॉजी, एमएससी केमिस्ट्री, एमएससी जियोलॉजी एमएससी इंवायमेंटल साइंस और एमए पॉलिटिकल साइंस समेत पांच अन्य विषय शामिल हैं।

परीक्षा कार्यक्रम में किसी भी तरह की आपत्ति के लिए विद्यार्थी प्रशासनिक भवन स्थित परीक्षा कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देखा जा सकता हैं।

#### इन तिथियों में होंगी परीक्षाएं

- एमलिब प्रथम सेमेस्टर 13 से 23 जनवरी तक
- एमए अरबी एवं अरब कल्चर प्रथम सेमेस्टर 13 से 25 जनवरी तक
- एमए अरबी एवं अरब कल्चर तीसरा सेमेस्टर 16 से 24 जनवरी तक
- एमए लिंग्विस्टिक प्रथम सेमेस्टर 16 से 27 जनवरी तक
- एमए लिंग्विस्टिक तीसरा सेमेस्टर 13 से 24 जनवरी
- एमए आचार्य प्रथम सेमेस्टर 16 से 27 जनवरी तक
- एमए आचार्य तृतीय सेमेस्टर 13 से 24 जनवरी तक
- एमए डिफेंस प्रथम सेमेस्टर 16 से 25 जनवरी तक
- एमए डिफेंस तृतीय सेमेस्टर 13 से 24 जनवरी तक
- बीलिब प्रथम सेमेस्टर 13 से 23 जनवरी तक
- एमएससी जियोलॉजी प्रथम सेमेस्टर 13 से 21 जनवरी तक
- एमएससी जियोलॉजी तृतीय सेमेस्टर 15 से 24 जनवरी तक
- एमएससी एप्लायड जियोलॉजी प्रथम सेमेस्टर 13 से 23 जनवरी तक
- एमएससी एप्लायड जियोलॉजी तीसरा सेमेस्टर 15 से 24 जनवरी तक
- एमपीएड प्रथम सेमेस्टर 13 से 21 जनवरी तक
- एपीएड तीसरा सेमेस्टर 15 से 24 जनवरी तक
- एमएससी फूड प्रोसेसिंग प्रथम सेमेस्टर 13 से जनवरी तक
- एमएससी फूड प्रोसेसिंग तृतीय सेमेस्टर 17 से 24 जनवरी तक
- एमएससी न्यूट्रिशन प्रथम सेमेस्टर 16 से 23 जनवरी तक
- एमएससी न्यूट्रिशन तृतीय सेमेस्टर 17 से 24 जनवरी तक
- एमएससी बॉटनी प्रथम सेमेस्टर 13 से 23 जनवरी तक
- एमएससी बॉटनी तृतीय सेमेस्टर 15 से 24 जनवरी तक
- एमएससी माइक्रोबायोलॉजी प्रथम सेमेस्टर 13 से 23 जनवरी तक
- एमएससी माइक्रोबायोलॉजी तृतीय सेमेस्टर 15 से 27 जनवरी तक

### महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की रणनीति पर चर्चा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में शुक्रवार को फिजिक्स सोसाइटी ने नवीकरणीय ऊर्जा संस्थान के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया। मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत हुए वेबिनार में महिलाओं को केंद्र में रखकर विचार रखे गए।

मुख्य वक्ता सीआरवाई की प्रोग्राम हेड जया सिंह ने महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की रणनीति प्रस्तुत की। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। विशिष्ट प्रतिभागियों में शामिल प्रतिकुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने महिलाओं की सामाजिक और व्यावहारिक स्थिति पर पक्ष रखा। कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से देश को बल मिलेगा। कार्यक्रम में प्रो. लीना सिन्हा, प्रो. ज्योत्सना सिंह, डॉ. मानिनी श्रीवास्तव थे। (संवाद)

## i-NEXT PAGE 5

### 10 विषयों के एग्जाम 13 से 27 जनवरी के बीच

लखनऊ यूनिवर्सिटी की ओर से एग्जाम की डिटेल जारी की गई

LUCKNOW (27 DEC): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शुक्रवार को पीजी के 10 और विषयों में विषम सेमेस्टर एग्जाम की समय सारिणी जारी कर दी है. इनमें एमपीएड व एमएससी के विषय शामिल हैं. इनके एग्जाम 13 से 27 जनवरी के बीच कराए जाएंगे.

#### इन विषयों के एग्जाम

लखनऊ यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी एग्जाम प्रोग्राम में एमपीएड फर्स्ट-थर्ड सेमेस्टर, एमएससी बाटनी फर्स्ट-थर्ड सेमेस्टर, एमएससी न्यूट्रिशन फर्स्ट-थर्ड सेमेस्टर, एमएससी अप्लाइड जियोलाजी फर्स्ट-थर्ड सेमेस्टर, एमएससी माइक्रोबायोलाजी फर्स्ट-थर्ड सेमेस्टर, एमएससी फूड प्रासेसिंग फूड टेक्नोलाजी फर्स्ट-थर्ड सेमेस्टर, एमएससी जियोलाजी फर्स्ट-थर्ड सेमेस्टर, एमएससी इनवायरमेंटल साइंस फर्स्ट-थर्ड सेमेस्टर, एमएससी पालीटिकल साइंस फर्स्ट-थर्ड सेमेस्टर विषय शामिल हैं. विस्तृत जानकारी यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर अपलोड की जा रही है.



#### बीपीएड, बीवीए, बीलिब एससी के एग्जाम सेंटर तय

एलयू ने बीपीएड, बीवीए, बीएफए और बीलिब एससी विषम सेमेस्टर एग्जाम के लिए सेंटर्स तय कर दिए हैं. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से इसकी सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर अपलोड कर दी गई. स्टूडेंट्स इसके माध्यम से अपना एग्जाम सेंटर देख सकते हैं. बीपीएड के सात केंद्रों पर लखनऊ, सीतापुर व हरदोई मिलाकर 10 कालेजों के स्टूडेंट्स एग्जाम देंगे.

## HINDUSTAN PAGE 8

### एलयू में महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की भौतिकी विभाग सोसाइटी ने नवीकरणीय ऊर्जा संस्थान की मदद से मिशन शक्ति पंचम चरण के तहत सशक्तिकरण का निर्माण: नेतृत्व और जीवन में महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता पर एक दिवसीय वेबिनार हुआ। मुख्य वक्ता सीआरवाई की प्रोग्राम हेड जया सिंह ने सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक रणनीतियां बताईं।

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि : बीपीएड, बीवीए बीलिब एससी के परीक्षा केंद्रों का हुआ निर्धारण

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.पी.एड, बीवीए, बीएफए और बीलिब एससी विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों का निर्धारण कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से इसकी सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर अपलोड कर दी गई। छात्र-छात्राएं इसके माध्यम से अपना परीक्षा केंद्र देख सकते हैं।

बीपीएड के सात केंद्रों पर लखनऊ, सीतापुर व हरदोई मिलाकर 10 कालेजों के विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इसी तरह बैचलर आफ लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन साइंस (बीलिब एससी) के लिए पांच केंद्रों पर आठ, बीवीए व बीएफए के पांच केंद्रों पर छह कालेजों के छात्र-छात्राओं का केंद्र आवंटित किया गया है। बीलिब एससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 29 जनवरी और मास्टर आफ लाइब्रेरी एंड इंफार्मेशन साइंस(एमलिब एससी) प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस)की परीक्षाएं 13 से 23 जनवरी तक होंगी। वहीं, एम.ए डिफेंस स्टडीज प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 से 25 जनवरी व तीसरे सेमेस्टर की 13 से 24 जनवरी तक होंगी।

### पीजी के दस विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को परास्नातक के 10 और विषयों में विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी जारी कर दी है। इनमें एम.पीएड व एम.एससी के विषय शामिल हैं। इनकी परीक्षाएं 13 से 27 जनवरी के बीच होंगी।

जारी परीक्षा कार्यक्रम में एम.पीएड प्रथम-तृतीय सेमेस्टर, एम.एससी बाटनी प्रथम-तृतीय सेमेस्टर, एम.एससी न्यूट्रिशन प्रथम-तृतीय सेमेस्टर, एम.एससी अप्लाइड जियोलाजी प्रथम-तृतीय सेमेस्टर, एम.एससी माइक्रोबायोलाजी प्रथम-तृतीय सेमेस्टर, एम.एससी फूड प्रासेसिंग फूड टेक्नोलाजी प्रथम-तृतीय सेमेस्टर, एम.एससी जियोलाजी प्रथम-तृतीय सेमेस्टर, एम.एससी इनवायरमेंटल साइंस प्रथम-तृतीय सेमेस्टर, एम.एससी पालीटिकल साइंस प्रथम-तृतीय सेमेस्टर विषय शामिल हैं।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### महिलाओं के सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक रणनीतियां की प्रस्तुत

● लविवि में भौतिकी विभाग में एक दिवसीय वेबिनार सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के फिज़िक्स सोसाइटी ने शुक्रवार को नवीकरणीय ऊर्जा संस्थान के सहयोग से मिशन शक्ति (चरण 5) के अंतर्गत सशक्तिकरण का निमार्णः नेतृत्व और जीवन में महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

मुख्य वक्ता, सीआरवाई की प्रोग्राम हेड जया सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावी नेतृत्व की नींव के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक रणनीतियां प्रस्तुत कीं और एक इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की, जिससे महत्वपूर्ण जानकारी और व्यावहारिक सुझाव प्रदान किए गए।

वेबिनार को व्यापक भागीदारी मिली, जो मानसिक स्वास्थ्य और महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले नेतृत्व संबंधी चुनौतियों पर संवाद के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित हुआ। प्रतिभागियों ने विविध दृष्टिकोणों और विशेषज्ञ मार्गदर्शन से लाभ उठाया, जिससे व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को मजबूती मिली। इस कार्यक्रम में विशिष्ट प्रतिभागियों में प्रो. मनुका खन्ना (प्रो-वाइस चांसलर) और प्रो. ओंकार प्रसाद (विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग) शामिल थे। इस आयोजन का कुशल समन्वय प्रो. लीना सिन्हा और प्रो. ज्योत्सना सिंह द्वारा किया गया, जिससे सभी प्रतिभागियों के लिए यह अनुभव सहज और प्रभावशाली रहा। इसके अतिरिक्त, डॉ. मानिनी श्रीवास्तव (नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति) ने भी अपनी महत्वपूर्ण जानकारी साझा कर चर्चा को और समृद्ध किया।

लखनऊ विश्वविद्यालय महिलाओं के नेतृत्व को सशक्त बनाने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाली पहलों का समर्थन करने के प्रति दृढ़ है। ऐसे आयोजनों की मेजबानी के माध्यम से, विश्वविद्यालय लगातार एक समावेशी वातावरण को बढ़ावा देता है जो सशक्तिकरण और मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करता है।

### लविवि में पीजी के 10 पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत परास्नातक स्तर के 10 पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम शुक्रवार को जारी किया गया है। इसे एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। इन सभी पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षाओं की शुरूआत 13 जनवरी से होगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि जिन विषयों के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है उसमें एमएससी वनस्पति विज्ञान, एमपीएड, एमएससी न्यूट्रिशियन, एमएससी एप्लायड जियोलॉजी, एमएससी माइक्रोबॉयोलॉजी, एमएससी रसायन विज्ञान, एमएससी भूगर्भ विज्ञान, एमएससी पर्यावरणीय अध्ययन और एमए राजनीतिशास्त्र शामिल हैं। परीक्षा कार्यक्रम में किसी भी तरह की आपत्ति अथवा समस्या के समाधान के लिए विद्यार्थी प्रशासनिक भवन स्थित परीक्षा कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।